<u>आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर</u>

<u>सुश्री सुचित्रा आर. कांबले, न्यायिक सदस्य तथा</u>
<u>श्री भागीरथ मल बियाणी, लेखा सदस्य के समक्ष</u>

<u>आभासी (Virtual) सुनवाई के माध्यम से</u>

<u>आ.अ.सं. 715 / इंदौर /2016</u>
<u>निर्धारण वर्ष : 2006-07</u>

मे. मेडिकेप्स फाईनेंस लि., इंदौर	बनाम	आयकर उपायुक्त 1(1), इंदौर
अपीलार्थी		प्रत्यर्थी
स्था.ले.सं.- एएबीसीएम 3331 एन		

अपीलार्थी की ओर से	लिखित प्रतिवेदन
राजस्व की ओर से	श्री अमित सोनी, वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि
सुनवाई तिथि	25.02.2022
उद्धघोषणा तिथि	25.02.2022

<u>आदेश</u>

<u>सुश्री सुचित्रा आर. कांबले, न्यायिक सदस्य द्वारा</u>

निर्धारण वर्ष 2006-07 से संबंधित निर्धारिती की उपरोक्त शीर्षक की अपील विद्वान आयकर आयुक्त (अपील)-I, इंदौर के आदेश दिनांक 29.03.2016 के विरूद्ध निदेशित है, जो कि आयकर उपायुक्त 1(1), इंदौर द्वारा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 271(1)(सी) के अधीन विरचित आदेश दिनांक 31.03.2014 से उद्भूत है ।

2. निर्धारिती द्वारा इस अपील के संबंध में अधिकरण के समक्ष लिखित आवेदन दिनांक 18.02.2022 दाखिल किया है जिसमें यह निवेदन किया गया है कि निर्धारिती ने "**विवाद से विश्वास योजना, 2020**" के अधीन आवेदन किया है तथा राजस्व विभाग द्वारा निर्धारिती का आवेदन स्वीकार करके फार्म सं. 5 जारी किया गया है । अतः निर्धारिती वर्तमान अपील का

अनुसरण करने का इच्छुक नही है । निर्धारिती ने उपरोक्त कारण से वर्तमान अपील को वापिस लेने की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया । विद्वान विभागीय प्रतिनिधि ने इस अनुरोध का विरोध नहीं किया है । अतः हम इस अपील को वापिस लिए जाने की अनुमति प्रदान करते है तथा इसे वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते हैं ।

3. यद्यपि, निर्धारिती विधि के अनुसार, विनिहित अवधि के अंदर आदेश को वापिस बुलाने (recall) हेतु विविध आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होगा यदि उसका इस योजना में भाग लेने हेतु किया गया आवेदन राजस्व द्वारा किसी कारण से अस्वीकृत किया जाता है ।

4. परिणामतः, निर्धारिती की अपील वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती है ।

यह आदेश 25.02.2022 को आयकर अपीलीय अधिकरण नियम, 1963 के नियम 34 के अंतर्गत उद्घोषित किया गया है।

हस्ता/-	हस्ता/-
(भागीरथ मल बियाणी)	(सुचित्रा आर.कांबले)
लेखा सदस्य	न्यायिक सदस्य

दिनांक : 25.02.2022

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फ़ाइल